तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 18 जून 2024



13 भाजपा की डबल इंजन की सरकार होने से बढ़ गई है...





14 पर्पाठ के निर्माणाधीन मां वैष्णो देवी मंदिर में...





सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, जोड़ो के दर्द,
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
आर्थोस्कोपी ये सभी इलाज और ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
बीजू कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज

हर्निया, गॉल ब्लैडर पथरी, ओवेरियन सिस्ट, पेट के
ट्यूमर, सिस्ट के ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी
पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट, स्ट्रिक्चर के ऑपरेशन
थायराइड, कान के पर्दे के छेद, Tympanoplasty
पाइल्स, फिशर, स्तन में गठान, हाइड्रोसील ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध


## खबर संक्षेप



### विवाद के दौरान बेटे ने की मां की पिटाई

**महासमुंद।** ग्राम सलडीह में पारिवारिक विवाद के दौरान बेटे ने अपनी मां की पिटाई कर दी। मामले में रिपोर्ट पर बलौदा थाने में आरोपी पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम सलडीह निवासी डोलामणि भोई पिता चित्रसेन भोई ने बताया कि 15 जून की शाम करीब 5 बजे मेरा पुत्र जितेन्द्र भोई मेरे साथ पैसे की लेन-देन को लेकर करते हुए गालियां और जान से मारने की धमकी दे रहा था। इसी बीच मेरी पत्नी बनिता भोई बीच-बचाव करते हुए गाली देने से मना किया। इस पर आरोपी जितेंद्र ने उग्र होकर मेरी पत्नी बनिता के साथ हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट की। जिससे उसके चेहरा, सिर, पीठ एवं सीने में चोट आई है। उसे इलाज के लिए सरायपाली अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

**आघात:** सगे भाइयों की मौत से पूरा परिवार सदमे में

# ठेकेदार से चुकारा लेने निकले दो भाइयों की पटरी में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बेमचा और खरोरा के बीच आधी रात रायपुर-विशाखापट्टनम रेलवे ट्रैक पर क्या हुआ यह तो कोई नही जानता। लेकिन, सुबह दो सगे भाईयों की लाश देखकर लोगों के होश उड़ गए। वह भी उसी स्थान पर जहां कुछ साल पहले 6 मां बेटियों ने एक साथ आत्महत्या की थी। यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का यह जांच का विषय है। लेकिन, एक ही परिवार के दो सगे भाईयों की कटी हुई लाश देख परिजनों का बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि दोनों रविवार रात में ठेकेदार से रुपए लेने निकले थे।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 11 नयापारा निवासी श्रवण यादव के दो बेटे सुनील यादव (27) और आकाश यादव (24) भवन निर्माण आदि के कार्य में मजदूरी करते थे। रविवार की शाम दोनों भाई घर से यह कहकर निकले थे कि वे अपने ठेकेदार से इस सप्ताह की मजदूरी का चुकारा लेने जा रहे हैं। दोनों देर रात तक नहीं लौटे तब से चिंतित परिजन खोजबीन में जुटे रहे। सुबह करीब 6 बजे कुछ लोगों ने दो युवकों की लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ा देख पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस भी घटना स्थल को देख हतप्रभ रह गई। यह संयोग है या कोई सोची समझी चाल यह अब भी समझ से परे हैं कि यह वही घटनास्थल है, जहां बेमचा निवासी एक ही परिवार की आधा दर्जन बेटियों और माँ ने खुदकुशी कर ली थी।



### डायरी ने दिया पिता का पता

घटना स्थल पर पहुंची पुलिस को लाश की तलाशी के दौरान एक मृतक की जेब से डायरी मिली जिसमें कुछ मोबाईल नंबर लिखे हुए थे जिसमें से एक नंबर के डायल करने पर वह नंबर मृतक के पिता का था। दो लाशों के मिलने की खबर सुनते ही घबराए परिजन मौके पर पहुंचे और युवकों की पहचान हुई। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेज दिया।

- इसी स्थान पर पहले भी गंवाई गई थी जाने, आत्महत्या स्पॉट बनता जा रहा यह स्थान

### पीएम रिपोर्ट का इंतजार: त्रिपाठी

एसडीओपी अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मृतक सुनील की पत्नी कुछ दिन पहले अपने मायके चली गई थी। जिसकी वजह से वो डिप्रेशन में रहता था। पीएम रिपोर्ट का इंतजार है, जिससे मौत की असल वजह सामने आ जाएगी।

### दोनों करते थे मजदूरी का काम

दोनों भाई मजदूरी का काम किया करते थे। पुलिस के मुताबिक यह आत्महत्या है या हत्या? यह अब तक अज्ञात है। बता दें कि दोनों भाईयों में बड़ा भाई सुनील, कैटरिंग का काम करता था। इसके अलावा छोटा भाई आकाश राज मिस्त्री का काम करता था। कोतवाली पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

### आत्महत्या स्पाट बनता जा रहा नहरपारा इमलीभाठा यह स्थल

उक्त घटना रेल्वे ट्रेक 15/17-19 किमी नहरपारा इमलीभाठा के पास हुई। बता दें कि इसी के आसपास कुछ साल पहले बेमचा निवासी एक महिला ने अपनी पांच बेटियों के साथ सामूहिक आत्महत्या की थी। स्थानीय निवासी बताते हैं कि हर साल इसी स्थान के आसपास आत्महत्या या ट्रेन से कटकर मौत जैसी घटना होती रहती है। इसे रोकने के लिए रेल्वे को कोई प्रबंध करना चाहिए ।

# अघोषित बिजली कटौती व लो-वोल्टेज से परेशान ग्रामीणों ने घेरा बिजली दफ्तर



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तुमगांव नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुरी तरह चौपट बिजली व्यवस्था को लेकर परेशान ग्रामीणों स्थानीय बिजली दफ्तर का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। पप्पू पटेल ने बताया कि अघोषित कटौती तथा लो वोल्टेज की समस्या के चलते उपभोक्ता बहुत परेशान है। इतनी भीषण गर्मी में जहां लोगों का जीना मुहाल है, उमस भरी गर्मी से निजात पाने आमजन जहां पंखा कूलर की हवा में दिन गुजारने मजबूर है। वहीं बिजली विभाग के रैवये से परेशान है। किसी भी समय सुबह दोपहर शाम रात कई घंटे बिजली बंद बिना सूचना दिए कर देते है। आक्रोशित होकर उपभोक्ताओं ने बिजली दफ्तर घेराव कर नियमित बिजली आपूर्ति करने तथा अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की।

तुमगांव सिरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल के नेतृत्व में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने विद्युत विभाग के अधिकारी का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। लोगों ने कहा है कि विद्युत सब-स्टेशन स्थापित तो किया गया है, लेकिन इसका सही लाभ क्षेत्र के लोगो को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना पूर्व सूचना के कभी लोड शेडिंग, कभी मेंटनेंस तो कभी 33केवी में खराबी के नाम पर घंटों बिजली बंद कर दी जाती है। इससे उपभोक्ता परेशान रहते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इस संबंध में विद्युत सब-स्टेशन में सही जवाब नहीं मिलता। नगरीय क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में महीनों से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। अघोषित रुप से घंटों तक शहर में बिजली बंद हो रही है। इससे पहले भी बरसात पूर्व मेंटेनेंस के लिए कई दिनों तक नगर व ग्रामीण में बिजली किया गया था। मेंटेनेंस के बाद भी नगर में बिजली ट्रिपिंग बढ़ गई है। रविवार की सुबह लगभग 10 बजे से शाम 7 बजे तक सिरपुर क्षेत्र के अनेक गांव में बिजली बंद रही। इससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भी तरसना पड़ा। बिजली बंद होने के चलते कई दिन तहसील कार्यालय तुमगांव में किसान व अन्य राजस्व संबंधी कार्य बाधित हो रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को भी अपने कार्यों के लिए भटकना पड़ा। तुमगांव सिरपुर क्षेत्र के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर विद्युत व्यवस्था में सुधार नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

- बिजली व्यवस्था सुधार नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की दी चेतावनी

### घेराव में यह रहे शामिल

इस दौरान कीर्ति बघेल, विकास चन्द्राकर, धर्मेन्द्र यादव, लाला निषाद सरपंच पासिद, जयप्रकाश यादव सरपंच अमलोर, वन्देश्वरी सरपंच चुहरी, विश्वनाथ रैला, डिगेश साहू, उमेश साहू, विजय साहू, दामोदार पटेल, संतोष साहू, मिथलेश साहू, भुनेश्वर साहू, द्रोणाचार्य साहू, डोमार पटेल, विनोद गहरवाल, अनिल ढ़ीढ़ी, दिनेश टंडन, यादराम साहू, भानु, अर्जुन साहू, संदीप साहू, माणिक सोनवानी आदि मौजूद रहे।

## सांसद का स्वागत...



**महासमुंद।** लोकसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित सांसद रुपकुमारी चौधरी का लोकसभा मुख्यालय महासमुंद आगमन पर सोमवार को भव्य स्वागत हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा शहर में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी स्वागत किया। इस दौरान स्वागत का सिलसिला अंबेडकर चौक से शुरु होकर जिला भाजपा कार्यालय में समाप्त हुआ। विजय रैली के दौरान शहर के मुख्य मार्ग में सांसद ने शहरवासियों का अभिवादन करते हुए विजयश्री दिलाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# पोल्ट्री फार्म निरस्त करने का आदेश, चक्काजाम स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पोल्ट्री फार्म के लिए ग्राम पंचायत परसदा ब द्वारा दिए गए प्रस्ताव को निरस्त करने और पोल्ट्री फार्म संचालन पर रोक लगाने का आदेश जारी होने के बाद ग्राम नवापारा के ग्रामीणों ने 18 जून को होने वाले चक्काजाम आंदोलन को स्थगित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत परसदा के आश्रित ग्राम नवापारा में पोल्ट्री फार्म व्यवसाय के लिए पंचायत प्रस्ताव क्रमांक 04 निरस्त कराने और संचालित हो रहे पोल्ट्री फार्म पर रोक लगाने की मांग लंबे अर्से से की जा रही थी। अनेक गुहार लगा चुके थे। पोल्ट्री फार्म गांव के स्कूल, आंगनबाड़ी एवं आबादी क्षेत्र होने के कारण ग्रामीणों को पोल्ट्री फार्म से उठ रही दुर्गंध व



गंदगी, मक्क्खियों से परेशानी हो रही थी। अनेक शिकायत और लोकसभा चुनाव बहिष्कार के बाद जांच के लिए तहसीलदार पहुंचे। जहां जांच पंचनामा रिपोर्ट में सही पाया लिखा गया है। किन्तु, गंभीरता से अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने 18 जून मंगलवार को प्रातः 11 बजे महासमुंद से तुमगांव मार्ग पर ग्राम नवापारा मोड़ के पास चक्काजाम आंदोलन की चेतावनी दी। जिसके बाद प्रशासन ने पंचायत प्रस्ताव को निरस्त करने और पोल्ट्री फार्म संचालन पर रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया है।

**यह कहा गया है जारी आदेश में :** एसडीएम द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ग्रामवासियों की शिकायत व पटवारी के प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम पंचायत परसदा ब के आश्रित ग्राम नवापारा में पोल्ट्री फॉर्म व्यवसाय के संचालन के लिए ग्राम परसदा ब द्वारा पंचायत प्रस्ताव क्रमांक 04, 14 जनवरी 2023 को पारित किया गया। पोल्ट्री फॉर्म से बदबू, गन्दगी, मक्खियां बढ़ गई है। पोल्ट्री फॉर्म पाठशाला व आंगनबाड़ी केन्द्र के समीप होने से बच्चों के स्वास्थ पर खराब होने की भी संभावना है।


⏭ शेष पेज 14 पर


### गाइडलाइन का पालन नहीं

नवापारा में संचालित पोल्ट्री फार्म से आंगनबाड़ी एवं शासकीय प्राथमिक शाला की दूरी 170 एवं 172 मीटर है। आबादी क्षेत्र की दूरी फार्म से 350 मीटर है, जो कि क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त मुर्गी फार्म खोलने के संबंध में जारी गाइडलाइन अनुसार पोल्ट्री फार्म आबादी एरिया से 500 मीटर की दूरी पर होना चाहिए तथा मुख्य वाटर सोर्स जैसे नदी नाला से 200 मीटर की दूरी पर होना चाहिए, जिसका पालन नहीं किया गया है।

### पंचायत प्रस्ताव भी निरस्त

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के जांच प्रतिवेदन अनुसार अनावेदक द्वारा पोल्ट्री फॉर्म का संचालन छग पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी गाईडलाईन के विपरीत है, जिसके पक्ष में ग्राम पंचायत परसदा ब द्वारा विधि विरूध्द पंचायत प्रस्ताव जारी किया गया है। अतः ग्राम पंचायत परसदा ब द्वारा अनावेदक के पक्ष में जारी पंचायत प्रस्ताव क्रमांक 04, 14 जनवरी 2023 छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 85 (ग) के विपरीत होने से छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 85 (1) में प्रदत्त शक्तियों के तहत निलंबित किया जाता है।

## पर्यावरण बचाने के लिए ग्रामीण ने लगाए 70 पौधे



# 70 बरगद और पीपल के पौधों का पिरथी ने किया रोपण, दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम अछरीडीह निवासी पर्यावरण मित्र पिरथी निषाद ने पर्यावरण संतुलन के लिए जीवन के अंतिम साँस तक पीपल, बरगद और नीम ऑक्सीजन दायिनी पौधा रोपण और संरक्षण का संकल्प लिया है। अब तक पीपल और बरगद के 70 वृक्ष लगा चुके हैं।

ग्राम पंचायत के मौहारीभाटा में घासफूल जगहों पर सात सालों से बरगद और पीपल, नीम के पेड़ लगाते आ रहे है। उनके संरक्षण के लिए कोडार नाला का पानी से संरक्षित कर रहे है। जब नदी सूख जाता है तब साइकिल से तालाब से पौधे के लिए पानी की ढुलाई करते है। निषाद ने बताया कि गर्मी के दिन में हर रोज सुबह शाम पानी पौधे पर डालते हैं। वन विभाग से नित्य संपर्क में रहकर वन अधिकारी लखिया मांडले से पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड (जाली) प्रदान की गई है। यथासंभव सहयोग भी मिल रहा है। अभी 100 पौधे की माँग की है। पर्यवारण मित्र पिरथी निषाद ने अपने जीवन में 70 से अधिक वृक्ष पीपल और बरगद,निम के पौधे लगाए है। उनका यह मानना है कि पर्यवारण में जो असन्तुलन आ रहा है, पृथ्वी के तापमान में जो वृध्दि हो रही है, उनका कारण अंधाधुंध वृक्षों की कटाई और ऑक्सीजन में कमी आई है। बढ़ते वाहनों औऱ फैक्ट्रियों से उत्सर्जित होने वाले प्रदूषण के कारण कार्बनडाई ऑक्साइड के स्तर में वृध्दि हुई है। उन्होंने अपने संदेश में प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन मे अधिक से अधिक पौधारोपण और संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया।

### टोल प्लाजा में बूथ सेफ्टी रेलिंग को मारी ठोकर

**महासमुंद।** एक हाईवा चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टोल प्लाजा में बूथ सेफ्टी रेलिंग बूथ कांक्रीट एवं बूथ में लगी एसी को ठोकर मार दिया। शिकायत पर पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ धारा 279, 427 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार छुईपाली टोल प्लाजा के मैनेजर शेषू प्रसाद ने बसना पुलिस को बताया कि रविवार को पेट्रोलिंग टीम के कर्मचारी सोमनाथ भोई ने सुबह करीब 4 बजे उन्हें फोन कर बताया कि छुईपाली में हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 13 एजेड 8756 का चालक रघुराम सिंह अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर लेन नंबर 8 में लगे बूथ सेफ्टी रेलिंग बूथ कांक्रीट एवं बूथ में लगी एसी को ठोकर मारकर नुकसान पहुंचाया। जाकर देखा तो इससे बीएटीएल कंपनी को करीब 2 लाख रुपए की आर्थिक क्षति हुई है।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969



RUNGTA | R1

BCA BBA B.COM
MSC MSW PGDCA
B.ED M.ED D.ED
B.SC (CS / MATHS / BIOTECH)

ACHIEVE YOUR FUTURE WITH US

90161 13333

## खबर संक्षेप

### 2550 रुपए की शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर शराब रेड कार्यवाही हेतु ग्राम रानवाही बाजार स्थल के सामने घेराबंदी कर दबिश दिया। दबिश के दौरान कृष्णा नेताम पिता स्व. चमरा राम नेताम उम्र 44 वर्ष ग्राम कोकानपुर थाना कोरर जिला कांकेर के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया। उक्त अंग्रेजी शराब को बिक्री करने हेतु कोरर ले जाना बताया तथा उनके थैला को तलाशी लेने पर थैला के अंदर गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब 05 पौवा मेक्डवल नं.- 1 अंग्रेजी शराब 05 पौवा लाईफ स्टाईल फाईन अंग्रेजी शराब 05 पौवा कुल शराब 2.700 एमएल कीमती 2550 रूपये थैला के साथ बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा- 34(1)(क) आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया गया।

### सहकारी कर्मचारी रायपुर के धरने में आज होंगे शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आव्हान पर आज 18 जून को सुबह 11 बजे नया रायपुर तूता में लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन, महारैली का आयोजन किया गया है। उनकी प्रमुख मांग मध्यप्रदेश शासन की भांति छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रबंधकीय अनुदान राशि लेने, धान खरीदी में सूखत आदि का प्रावधान करने, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के खाली रिक्त पदों पर समिति कर्मचारियों की भर्ती करने एवं - सेवा नियम 2018 में संशोधन कर वेतनमान में बढ़ोतरी शामिल है। जिला अध्यक्ष केशव नाग ने बताया कि कांकेर जिला से 300 पदाधिकारी व सदस्य आंदोलन में शामिल होंगे।

### केंद्रीय राज्यमंत्री आज कांकेर में

**कांकेर।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू 18 जून को अपने प्रवास के दौरान कांकेर जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय राज्य मंत्री दोपहर 04 बजे कार द्वारा कांकेर पहुंचेंगे।

# प्रशासनिक सेवा की मुख्य और छग शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए हुआ मेगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा 2023 एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ पीएससी मुख्य परीक्षा के 07 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के 10 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया।

जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा 2023 एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 को ध्यान में रखते हु टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया, जिसमे छत्तीसगढ़ पीएससी मुख्य परीक्षा के 07 टेस्ट सीरीज का एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के 10 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ पीएससी मुख्य परीक्षा के लिए 07 टेस्ट सीरीज आयोजित किया गया एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 10 टेस्ट सीरीज क्रमशः पहले सहायक शिक्षक के लिए टेस्ट हुआ। जो संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट हुआ।



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के मुख्य परीक्षा के लिए 7 टेस्ट सीरीज के क्रम में सोमवार को सातवां व अंतिम टेस्ट पेपर - 7 सामान्य अध्ययन का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 200 नंबर का पेपर हुआ। इसमें सामाजिक एवं महत्वपूर्ण विधान, अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल घटना एवं संगठन, अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शैक्षिक संस्थाएं एवं मानव विकास विकास में उनका योगदान आदि के प्रश्न पूछे गए थे। शिक्षक पात्रता परीक्षा हेतु 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में सोमवार को शिक्षक हेतु टीईटी का पांचवा व अंतिम टेस्ट पेपर संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -10 हुआ। जिसमें कुल 150 नंबर का पेपर हुआ। इसमें बालविकास,हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण आदि के प्रश्न पूछे गए थे। पांचवां व अंतिम टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 111 परीक्षार्थियों और अन्य शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी करने वाले 49 परीक्षार्थियों कुल 160 परीक्षार्थि शामिल हुए। ज्ञातव्य हो कि मुख्य परीक्षा के लिए कुल 36 विद्यार्थियों नें अपना पंजीयन कराया था। जबकि शिक्षक, सहायक शिक्षक भर्ती व पात्रता परीक्षा के लिए संस्था में अध्ययनरत 280 विद्यार्थियों ने जबकि संस्था के बाहर से 160 विद्यार्थी कुल 340 विद्यार्थी मेगा टेस्ट सीरिज में शामिल हुए।

## पर्व : बागबाहरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल जुहा का पर्व

# ईद उल जुहा पर अता की गई विशेष नमाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बागबाहरा

ईद उल जुहा या बकरी ईद मुसलमानों के लिए सबसे बड़ा त्यौहार है। रमजान ईद के पवित्र महीने के बाद ईद उल जुहा मनाया जाता है। ईद उल जुहा का त्यौहार यह दुनियाभर के मुसलमानों के लिए बेहद अहम है। नगर में स्थित नवागांव के ईद भाठा में सोमवार को सुबह 8 बजे ईद उल जुहा की नमाज अदा की गई। ईद उल जुहा त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक दूसरे का मुबारक दी गई। ईद उल जुहा की नमाज मौलना ईरफानुलहक द्वारा अदा करवाई गई। ईद के मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों एक दूसरे को गले मिलकर मुबाकर बाद दी। ईद के दिन परिवार वाले दोस्त एक जगह एकत्रित होकर एक दूसरे को बधाई देते हैं। बकरी ईद कुरबानी से जुड़ी त्योहार है। और यह अल्लाह के प्रति समपर्ण है। यह त्योहर खुशियां बांटने और गरीबों और बेसहरा लोगों की मदद करने का भी होता है। ईद उल जुहा बकरी ईद को कहा जाता है। मीठी ईद यानी इदुल फितर के 70 दिनों के बाद बकरी ईद का त्यौहार मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा मनाया जाता है। ईद उल जुहा मुस्लिम समाज का आखिरी 12 महीना होता है। इस दिन सबसे पहले ईदगाह में नमाज अदा की जाती है। पश्चात अपने अपने घरों में जानवारों की कुरबानी दी जाती है। ईद के दिन सभी बच्चे बूढ़े नए कपड़े पहनकर एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। मौलाना ईरफानुलहक द्वारा ईद कि विशेष नमाज अदा करवाई गई तथा खुदा अमन चैन की दुआ मांगी गई।



इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर व नगर सहित ग्रामीण लोग उपश्थित थे। ईद उल जुहा ये दुनियाभर में मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है। इसे बकरी ईद के नाम से भी जाना जाता है।

## पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन पहुंचे ईदगाह, मुस्लिम जमात की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

पूर्व नपा उपाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिभुवन महिलांग ने सोमवार को बकरीद पर्व के मौके पर एकता चौक स्थित ईदगाह मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने बकरीद की नमाज अता करने उपस्थित हुए मुस्लिम जमात के लोगों से मुलाकात की और गले मिलकर उन्हें बकरीद पर्व की बधाई दी। मुस्लिम जमात ने महिलांग का इस्तकबाल किया और उन्हें भी पर्व की बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम जमात के लोग मौजूद रहें।



## स्थानीय युवाओं का हक छीनकर आउट सोर्सिंग की प्लानिंग कर रहा भाजपा सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को शासकीय नौकरी में भर्ती का झांसा देकर सरकार में आई जुमलेबाज भाजपा सरकार ने अब स्वास्थ्य विभाग में आउट सोर्सिंग के माध्यम से डाक्टरों की भर्ती करने का प्लान तैयार किया है, जो स्थानीय पढ़े-लिखे डिग्रीधारी युवाओं की उम्मीद पर कुठाराघात है। चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार के मंत्री यह तर्क देते हैं कि स्थानीय स्तर पर आवेदन न आने पर अन्य राज्यों से बुलाकर डाक्टरों को नौकरी दी जाएगी। लेकिन, उनका यह तर्क सच्चाई से परे है। क्योंकि, रमन राज के समय राजधानी के आम्बेडकर अस्पताल में ही 2014 में जब 33 वार्ड ब्वॉय की वेकेंसी निकली थी तब 46 हजार आवेदन मिले थे, जो मूल छत्तीसगढ़ निवासी थे, और बीई से लेकर और भी उच्च शिक्षित थे, ऐसे में उनका यह तर्क तो सरासर झूठ है। सच्चाई यह है कि पहले भी राज्य की रमन सरकार स्थानीय युवा विरोधी थे, और वर्तमान में भाजपा की साय सरकार भी उसी राह पर चल रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के रमन सिंह शासन काल में बड़ी मात्रा में आउट सोर्सिंग के माध्यम से हर विभाग में चपरासी से लेकर अधिकारी तक दूसरे प्रदेशों के लोगों की भर्ती की गई। इसका फायदा भाजपा के तमाम छोटे से लेकर बड़े नेताओं ने जमकर कमीशनखोरी कर उठाया तथा करोड़ों का वारा-न्यारा किया। शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता को दरकिनार कर संघियों को उपकृत किया जाता रहा। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में बेरोजगार, पढ़े-लिखे नौजवानों के हित में उनके अधिकारों की रक्षा करने आउट सोर्सिंग सिस्टम को पूरी तरह खत्म किया गया था। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में में 5 लाख से अधिक नए नौकरियों के अवसर सृजित किये। केवल सरकारी विभागों में ही लगभग 1 लाख रिक्त पदों पर नियमित भर्ती की।



स्वास्थ्य विभाग में डाक्टर, विशेषज्ञ, नर्स और तकनिशियनों सहित 4 हजार से अधिक नियमित पदों पर भर्तियां की। अब एक बार फिर वही, दौर शुरू हो गया है। आरएसएस के लोगों को एंट्री कराने की प्लानिंग हो रही है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न सरकारी विभागों में नियमित पदों पर लगभग 48 हजार नौकरियां जो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय से प्रक्रियाधीन है, उसे भाजपा की सरकार आने के बाद बाधित कर दिया गया है। आउट सोर्सिंग छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों का सबसे बड़ा अपमान है।

# कॉलेजों ने घटाई सीटें, क्योंकि अब प्रथम वर्ष नहीं होगा कोई फेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आज से प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी लागू कर दी जाएगी। इस बदलाव का एक अन्य असर महाविद्यालयों की सीटों पर हो रहा है। कई कॉलेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को देखते हुए अपनी सीटें घटा रहे हैं। दरअसल एनईपी के अंतर्गत परीक्षाएं वार्षिक रूप से ना होकर सेमेस्टर प्रणाली से होंगी। प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर में यदि छात्र अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, तब भी उन्हें तृतीय सत्र में प्रवेश दिया जाएगा। तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई जारी रखने के साथ ही छात्रों को पिछली कक्षाओं के बैक पेपर भी क्लियर करने होंगे। इसके बाद उन्हें पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश मिलेगा। महाविद्यालयों में सामान्यतः प्रथम वर्ष के परिणाम 50 से 60 प्रतिशत ही होते हैं। इस तरह से द्वितीय वर्ष में जाने वाले छात्रों की संख्या लगभग आधी हो जाती है। महाविद्यालयों में द्वितीय वर्ष के लिए कक्षाएं भी इसी अनुपात में आकार में छोटी होती हैं। अब प्रथम वर्ष में अनुत्तीणर्ण होने पर भी छात्रों को रोके जाने का प्रावधान नहीं रह गया है तो द्वितीय वर्ष में भी बड़ी संख्या में भी छात्र संख्या थोक में रहेगी। इसलिए प्रथम वर्ष में ही कई महाविद्यालय घटी हुई सीटों पर प्रवेश दे रहे हैं ताकि जब वे छात्र द्वितीय व तृतीय वर्ष में पहुंचे तो उनके समक्ष बैठक की दिक्कत ना हो। कई कॉलेजों ने इसकी घोषणा भी कर दी है।



# धनवंतरी और मोबाइल मेडिकल यूनिट होंगे स्वास्थ्य विभाग के हवाले

- अभी नगरीय प्रशासन विभाग कर रहा दोनों योजनाओं का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आम जनता को सस्ते में दवा उपलब्ध कराने और निशुल्क पैथालॉजी सहित अन्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराने संचालित धन्वंतरी मेडिकल और मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से किया जा सकता है। विभागीय स्तर पर आए इस सुझाव के आधार पर हेल्थ अफसरों में विभागीय चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2020 से स्लम बस्ती में लोगों को बीपी-शुगर सहित अन्य जांच की सुविधा देने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन शुरू किया गया था। इसके बाद वर्ष 2021 से 50 से 70 प्रतिशत सस्ती दवा उपलब्ध कराने धन्वंतरी योजना संचालित की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि दवाएं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित हैं और एमएमयू में चिकित्सकों की उपलब्धता भी उनकी जिम्मेदारी है। आने वाले दिनों में दोनों योजनाओं में सुविधाओं का विस्तार करने की तैयारी है, जिसे देखते हुए इसका संचालन सीधे स्वास्थ्य विभाग को दिए जाने पर विचार किया जा रहा है। पिछले दिनों समीक्षा बैठक में आए इस सुझाव के बाद अफसर दोनों योजनाओं पर विचार-मंथन में जुट गए हैं।

### अल्टीमेटम दे चुके

आंबेडकर अस्पताल में पैट सीटी मशीन के उपयोग पर किसी तरह का निर्णायक फैसला करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। इसके अलावा वहां पुरानी हो चुकी ऐसी मशीन, जो खराब होने की स्थिति में आ चुकी है, उन्हें सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि वहां की उपचार सुविधाओं को जल्दी ही अपडेट किया जाएगा।

### चर्चा के बाद करेंगे फैसला

धन्वंतरी एवं एमएमयू के संबंध में पिछले दिनों बैठक के दौरान सुझाव मिला था। दोनों योजनाएं स्वास्थ्य से संबंधित हैं। इनके संचालन को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री और अधिकारियों से चर्चा के बाद फैसला किया जाएगा। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए बेहतर कदम उठाए जा रहे हैं।

**- श्याम बिहारी जायसवाल,** स्वास्थ्य मंत्री, छग

### बलौदाबाजार घटना पर कांग्रेस का आज प्रदर्शन

**कांकेर।** बलौदा बाजार की घटना के मामले में कांग्रेस का 18 जून को दोपहर 12 बजे जिला मुख्यालय कांकेर के पुराने बस स्टैंड में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री व डौडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया उपस्थित रहेंगी। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुनील गोस्वामी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के नाकामियों एवं लचर कानून व्यवस्था के कारण से बलौदाबाजार जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में में तोड़फोड़ व आगजनी की घटना घटित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप जिले की आम जनता एवं निर्दोषजन को नुकसान भुगतना पड़ रहा है।

# बघवा तालाब में इतनी गंदगी कि साफ करने में लग गए सात माह

- सौंदर्यीकरण का काम जारी, लाइट लगाने फाउंडेशन तैयार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब के गहरीकरण का काम अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है। तालाब के चारों ओर सुरक्षा के लिहाज से रिटेनिंग वॉल बनाई गई है। साथ ही लोगों के आने-जाने के लिए पाथवे बनाने का काम इन दिनों चल रहा है। 15वें वित्त आयोग मद से प्राप्त 2.50 करोड़ की राशि से इस तालाब का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कर इसे सुंदर स्वरूप दिया जा रहा है। वहीं विप्रनगर के बाईं ओर तथा यादवपारा के पास पांच हजार वर्गफीट खाली जमीन बगीचे के लिए चिन्हांकित की गई है।

नगर निगम ने ढाई दशक बाद रायपुरा के बघवा तालाब की सुध ली है। 7 माह तक तालाब की सफाई कर भारी मात्रा में गोबर और गंदगी बाहर निकालकर तालाब गहरीकरण का कार्य कराया गया है। 35 एकड़ में फैले इस तालाब से रायपुरा की आधी बस्ती सहित यादव पारा के लोग इसका उपयोग एक अरसे से निस्तारी के लिए करते आ रहे हैं। तालाब के आसपास की डेयरी के मवेशी जाने से पानी के भीतर भारी मात्रा में गोबर और गंदगी जमा थी, जिसे मशीन लगाकर तालाब से निकाला गया।

*बारिश के समय करेंगे पौधारोपण : बघवा तालाब की रिटेनिंग वॉल बनाने का काम पूरा होने के बाद अब वहां आने-जाने वाले लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए पाथवे बनाया जा रहा है। साथ ही तालाब के पास बगीचा बनाने यादव पारा के पास पांच हजार वर्गफीट जमीन को चिन्हांकित किया गया है। बारिश के समय यहां पौधारोपण किया जाएगा। कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने बताया, बगीचे में आने-जाने वाले लोगों की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग तरह की एक्सरसाइज मशीनें लगाई जाएंगी। सीनियर सिटीजन के लिए अलग से वेटिंग हॉल बनाया जाएगा।*

# ढाई करोड़ के 32 ई-टायलेट कबाड़, दो कंपनियां छोड़कर भागीं, अब री-टेंडर

- दोबारा मरम्मत के लिए इस्टीमेट बनवा रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी के आधा दर्जन सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बनवाए गए 32 ई-टायलेट कबाड़ हो गए। देखरेख के अभाव में असामाजिक तत्वों ने कहीं ई-टायलेट में लगाई गई महंगी स्टील प्लेट पार कर दी तो कहीं स्टील से बना दरवाजा काटकर ले गए। ई-टॉयलेट में प्रयुक्त महंगे स्टील के पाट्र्स भी गायब हैं। अब इनकी दोबारा मरम्मत कराने नगर निगम ने निजी एजेंसी से ई-टॉयलेट की जांच कर इसमें लगने वाले अनुमानित खर्च का इस्टीमेट बनाने का जिम्मा दिया है। इस्टीमेट की स्वीकृति के बाद एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 4 साल पूर्व शहर के 6 प्रमुख स्थानों पर 32 ई-टायलेट बनवाए गए। इनमें एम्स हास्पिटल के सामने, सरस्वती नगर थाने के पास, पं. रामदयाल तिवारी स्कूल के बाजू वाली जगह, मेकाहारा के सामने, आनंद नगर केनाल रोड और कटोरा तालाब के सामने ई-टायलेट की सुविधा शुरू की गई थी। इन टॉयलेट के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए हैदराबाद की एक कंपनी से अनुबंध किया गया। अनुबंधित कंपनी से इसके लिए 72 लाख रुपए सुरक्षानिधि के रूप में जमा कराए गए, पर ई-टॉयलेट निर्माण के कुछ महीने बाद अनुबंधित कंपनी नदारद हो गई, जबकि अनुबंध की शर्त अनुसार उसे 5 साल तक ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस व संचालन करना था। इधर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अनुबंधित कंपनी द्वारा काम बीच में छोड़े जाने की स्थिति में 72 लाख की सुरक्षा निधि को राजसात कर लिया। कंपनी के यहां से भाग जाने के बाद 2021 तक ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस नहीं हो पाया। वर्ष 2022 में रायपुर स्मार्ट सिटी ने फिर से इन ई-टॉयलेट के मेंटेनेंस के लिए रायपुर की होप फॉर ह्यूमिनिटी एजेंसी से अनुबंध किया।

*प्रोजेक्ट निगम को हैंडओवर : कबाड़ हो चुके ई-टॉयलेट के 32 यूनिट वाले प्रोजेक्ट को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 2 माह पूर्व नगर निगम के स्वच्छता विभाग को हैंडओवर कर दिया है। अब ई-टॉयलेट की मरम्मत, देखरेख और संचालन के लिए नगर निगम नई एजेंसी तय करेगा।*



### जल्द करेंगे टेंडर

ई-टॉयलेट की मरम्मत और संचालन के लिए एजेंसी तय करने जल्द ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। अनुबंध में 3 साल तक ई-टॉयलेट की मरम्मत और संचालन की शर्त शामिल रहेगी।

**- रघुमणि प्रधान,** नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन, ननि रायपुर

# फेक करेंसी, नौकरी का झांसा, जालसाजों ने 25 हजार से ज्यादा लोगों को फंसाकर ठगा

- ज्यादातर फेक करेंसी दूसरे प्रदेशों में खपाने का काम कर रहे थे जालसाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कॉल सेंटर की आड़ में नौकरी लगाने का झांसा देने तथा नकली नोट छापने वाले जिस रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है, उनके बारे में कई अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस के मुताबिक, जालसाज फेक करेंसी छापकर दूसरे प्रदेशों में चलाने तथा बेचने का काम करते थे। साथ ही स्थानीय स्तर पर जालसाज शराब खरीदने तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में फेक करेंसी खपाने का काम करते थे। गौरतलब है कि पुलिस ने राजधानी के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नौकरी लगाने के नाम पर कॉल सेंटर चलाने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए आठ जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाज पिछले चार साल से ठगी का कारोबार संचालित कर रहे थे। पुलिस ने जालसाजों के कब्जे से 25 रजिस्टर जब्त किए हैं। पुलिस ने इन रजिस्टरों की पड़ताल की तो पता चला कि जालसाजों के संपर्क में रहने वाले हिंदी भाषी राज्यों के अलावा नार्थ-ईस्ट राज्यों के बेरोजगार संपर्क में थे। पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक जालसाजों ने कॉल सेंटर की आड़ में नौकरी लगाने के नाम पर 25 हजार से ज्यादा लोगों के साथ ठगी की है।

### आसपास के राज्यों की पुलिस को देंगे सूचना

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक जालसाजों ने जिन राज्यों के बेरोजगारों के साथ घटना को अंजाम दिया है, उसकी डिटेल तैयार की जा रही है। इसके बाद संबंधित राज्यों की पुलिस को स्थानीय पुलिस सूचना देगी। साथ ही उन राज्यों में ठगी की शिकायत दर्ज कराने वाले पीड़ितों के बारे में जानकारी हासिल कर पुलिस उनसे आवश्यक डाक्यूमेंट मंगाएगी।


अलीबाबा साइट से चाइना से वाटर मार्क मंगाकर बना रहे थे नकली नोट
फर्जी वेब सीरीज देख खोला 'फर्जी' कॉल सेंटर
नकली नोट बनाए, आठ राज्यों में ठगी की दुकान

### कर रहे जांच

प्रारंभिक पड़ताल में जालसाजों द्वारा 25 हजार से ज्यादा लोगों के साथ ठगी करने की जानकारी मिली है। साथ ही नकली नोट बनाकर खपाए गए हैं। आशंका है कि उन लोगों ने नकली नोट शराब दुकान में खपाने के साथ पड़ोसी राज्यों में भेजे हैं। इसकी जांच की जा रही है।

**- संजय सिंह**
डीएसपी क्राइम

## उत्साह : लोकसभा मुख्यालय आगमन पर सांसद श्रीमती चौधरी का जोशीला स्वागत

# भाजपा की डबल इंजन की सरकार होने से बढ़ गई है सबकी जिम्मेदारी : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद लोकसभा की नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी का प्रथम लोकसभा मुख्यालय आगमन पर भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों द्वारा हर्षोल्लास से ओव्हरब्रिज के पास स्वागत अभिनन्दन किया गया। आगमन के पूर्व ग्रामीण मण्डल के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम बेमचा में स्वागत पश्चात मां शारदा मन्दिर में सांसद रूपकुमारी चौधरीं ने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर मतदाताओं का आभार जताया।

ओवरब्रिज के पास स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर, विधानसभा संयोजक चन्द्रहास चन्द्राकर, सहसंयोजक संदीप दीवान, मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली सहित भाजपा एवम मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं, नागरिकों ने सांसद का आतिशबाजी बाजे व गाजे के साथ पुष्पवर्षा कर आत्मीय अभिनन्दन किया।

भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मंच पर सांसद रूपकुमारी को फलों से तौलकर मिष्ठान वितरण भी किया। पश्चात सांसद रूपकुमारी चौधरीं स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों के साथ रैली के रूप में शहर के मुख्य मार्ग पर लोगों का अभिवादन और आभार करते हुए जिला भाजपा कार्यालय पहुंची। शहर के मुख्य मार्गो पर जगह-जगह कार्यकर्ताओं एवम विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित सांसद का आत्मीय स्वागत किया। जिला भाजपा कार्यालय में स्वागत आभार उद्बोधन के दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरीं ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी द्वारा किए गए स्वागत अभिनन्दन से मैं अभिभूत हूं। आप सभी के साथ शहर की जनता धन्यवाद ज्ञापित करती हूं कि सबने मिलकर जो अपार जनसमर्थन भाजपा के प्रत्याशी के रूप में मुझे दिया वो सराहनीय है। सांसद रूपकुमारी ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के प्रदेश सरकार के कुशासन का अंत कर आप सभी ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाया और अभी केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने में भाजपा की विजय में आप सभी की महती भूमिका रही है। केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार होने से हम सभी से लोगों की अपेक्षाएं बढ़ गयी है। हम सबकी जिम्मेदारी जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बढ़ गयी है। सांसद ने पूरे लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में जिलाध्यक्ष के रूप में सन्गठन के कार्यों को लेकर जिस प्रकार सभी का सामंजस्य बना रहा, एकजुटता से हम सभी ने मिलकर कार्य किया वो आगे भी जनसेवा के लिए निरंतर जारी रहेगा।



### सर्वाधिक लीड दिलाने में टीम वर्क बनाकर किया काम

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे लोकसभा की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर अपने विश्वास की मुहर लगाया है, भाजपा को जिताया है। विशेष रूप से महासमुंद विधानसभा की जनता का विधायक ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमने सर्वाधिक लीड दिलाने में टीम वर्क बनाकर कार्य किया है, ये सफलता उसी की परिणीति है। शहरवासियों ने अपना भरपूर जनसमर्थन प्रदान कर उत्साहवर्धक परिणाम दिया है। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर, डॉ विमल चोपड़ा, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, एतराम साहू ने अपने संबोधन में केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने और नवनिर्वाचित सांसद रूपकुंमारी चौधरी को कहा कि आज राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने में भाजपा के बूथ स्तर से लेकर प्रदेश के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का जो सहयोग और परिश्रम रहा है वो अतुलनीय और उल्लेखनीय है।



### निकाय चुनाव की तैयारी में जुट जाए कार्यकर्ता

वक्ताओं ने कहा कि हम सभी का लक्ष्य दोनों चुनावों में पूर्ण विजय का था, जिसे हमने हर बूथ पर विजय के संकल्प के साथ पूरा किया है। आने वाला समय फिर से स्थानीय चुनावों का है। जिसमे हमें फिर से एकजुट होकर पूर्ण विजय का संकल्प लेना है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, विधानसभा संयोजक चन्द्रहास चन्द्राकर, सह संयोजक संदीप दीवान, मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने अध्यक्षीय उद्बोधन सहित वक्ताओं ने भी कहा कि जिस प्रकार राज्य में कांग्रेसी सरकारक सत्ता परिवर्तन हुआ। केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी वो सिद्ध करती है कि जनादेश भाजपा के पक्ष में इसलिए है कि देश, प्रदेशवासियों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास है, उनकी दी हुई गारन्टी पर जनता जनार्दन को भरोसा है कि भाजपा जो कहती है वही करती है और देश प्रदेश का सम्पूर्ण विकास, बिना किसी भय, भ्रष्ट्राचार के भाजपा की सरकार में ही सम्भव है।

### आभार कार्यक्रम में जुटे भाजपाई

आभार सभा कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर एवम आभार मण्डल महामंत्री प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी माधव टंकसाले, निरंजना शर्मा, रमेश साहू, सुधा साहू, प्रभा साहू, मीना वर्मा, पार्वती साहू, पवन पटेल, लाल विजय सिंह, सीता डॉन्डेकर, राकेश श्रीवास्तव, सुरेखा कंवर, हनीश बग्गा, शंकर चंद्राकर, सुनीता देवांगन, श्याम साकरकर, धरम पटेल, लक्ष्मीकांत तिवारी, नामदेव साहू, विष्णु चंद्राकर, उत्तरा प्रहरे, गणेश चौहान, महेंद्र जैन, देवी चंद राठी, बादल सिंघ मक्कड़, मनीष शर्मा, हेमलता यादव, मुन्ना देवार, अनिता जी रावटे, माधवी सिका, मंगेश टांकसले, राहुल चंद्राकर, कमला बरिहा, उत्तरा प्रहरे, जार्ज रावटे, राजेश्वरी तिवारी, नारेन्द्र गिरी, राहुल चन्द्राकर, देवेंद्र चन्द्राकर, मुन्ना साहू, पवन साहू, सुनीता देवांगन, गोपाल वर्मा, महेंद्र सिंका, हिमांशु चंद्राकर, राकेश पटवा, ऋषभ बाफना, चंदशेखर बेलदार, जग्गू छुरा, नईम खान, नागेंद्र नसिने, भाऊ राम साहू, गणेश नायक, अमन वर्मा, दिनेश रूपरेला, शुभ्रा शर्मा, जतीन रूपरेला, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, शुभ्रा शर्मा, राजेश्वरी तिवारी, सुनीता साहू, सारिका यादव, मधु यादव, अलका पुंज, भगवती करकसे, हेमकांति देवांगन, प्रीति सोनी, गोपी कन्नौजे, अग्रज शर्मा, अमन वर्मा, अमित साहू, खिलावन यादव, माखन पटेल, फगुआ पटेल, उषा पाल, अर्चना चंद्राकर, चित्रलेखा साहू, दुर्गा चंद्राकर, पुष्पा साहू, पलाश यादव, मकसूद खान, गुड्डा सिन्हा, रमेश पटवा, सोनाधर सोनवानी, अनुज पांडेय, रिखीराम ध्रुव, रविन्द्र जैन, सुरेश साहू, कुशल साहू, घना साहू, पांडुरंग मदनकार, रेखा देवार, जितेंद्र साहू, चंद्रिका चौबे, मधुसूदन सोनी, भुनेश्वर साहू, विनोद रात्रे सहित भाजपा एवम मोर्चा प्रकोष्ठ और शक्ति केंद्र, बूथ समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण और सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तुमगांव में सांसद का हुआ स्वागत



**महासमुंद।** महासमुंद लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रथम नगर आगमन पर तुमगांव सिरपुर मंडल भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री गिरजा दास ने पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया।

### ब्राम्हण समाज ने किया सांसद का स्वागत



**महासमुंद।** ब्राह्मण समाज द्वारा सांसद रुपकुमारी चौधरी के लोकसभा मुख्यालय आगमन पर स्वागत किया गया है। स्वागत कार्यक्रम में समाज के उपाध्यक्ष अश्वनी तिवारी, सहसचिव दीपक तिवारी, शंकर पांडे, अरुणेंद्रधर दीवान, पार्षद मनीष शर्मा, शुभ्रा शर्मा, मधु तिवारी, समीर तिवारी, दिलीप तिवारी, अग्रज शर्मा, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

### बेमचा में भाजपाजनों ने किया सांसद का स्वागत



**महासमुंद।** लोकसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित प्रथम महिला सांसद रूपकुमारी चौधरी के लोकसभा मुख्यालय आगमन केदौरान ग्राम बेमचा में भाजपा नेता राहुल चंद्राकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान सांसद श्रीमती चौधरी ने बेमचा में भाजपा को बहुमत मिलने तथा उन्हें जीत का आशीर्वाद प्रदान करने के लिए बेमचा वासियों का आभार जताया। उन्होंने बेमचा स्थित आदिशक्ति मां खल्लारी मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता राहुल चंद्राकर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, मंडल महामंत्री नामदेव साहू, उपाध्यक्ष प्रेमुलाल, प्रेम चंद्राकर, अरूण चंद्राकर, प्रेमनाथ ध्रुव, मूलचंद वैष्णव, शिव चंद्राकर, ईश्वर चंद्रवंशी, चोवा यादव, छेरकु राम धीवर, हीरालाल साहू, लखनु निर्मलकर, हेमलाल चंद्राकर, भगत निषाद, चंद्रहास चंद्राकर, मोहन यादव, गुलशन चंद्राकर, शंकर चंद्राकर, अनिल निर्मलकर, तरूण चंद्राकर, राधे चंद्राकर, सुकालु निषाद, राजा चंद्राकर, कौशलेंद्र, श्रीकांत, बंटी, देव, गुड्डा, छोटू यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### सांसद रूपकुमारी ने किया मां खल्लारी के दर्शन

**महासमुंद।** महासमुंद लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी का ग्रामीण मंडल महासमुंद के नेतृत्व में ग्राम बेमचा में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात सांसद ने माता खल्लारी का दर्शन कर झेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम चंद्राकार, शक्ति केंद्र प्रभारी राहुल चंद्राकर, महामंत्री नामदेव साहू, मूलचंद वैष्णव, प्रेमु विश्वकर्मा, प्रेमनाथ ध्रुव, अरुण कौशिक, राजेंद्र घाटगे, ईश्वर चंद्रवंशी, रविकांत चंद्राकर, लखनू निर्मलकर, शिव चंद्राकर, चोवा यादव, छेरकु धीवर, चंद्रहास चंद्राकर, सुकालू निषाद, तरुण चंद्राकर, राजा चंद्राकर, श्रीकांत बंटी, देव गुड्डा, छोटू यादव सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।



### नवनिर्वाचित सांसद का उत्कल समाज ने किया स्वागत

**महासमुंद।** महासमुंद लोकसभा से प्रथम महिला सांसद निर्वाचित होने पश्चात पहली बार महासमुंद आगमन होने पर स्थानीय नेहरू चौक में उत्कल समाज महासमुंद अध्यक्ष महेंद्र सिका के नेतृत्व में उत्कल समाज द्वारा विजय जुलुस के साथ सांसद रुपकुमारी चौधरी का पुष्प हार एवं गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उत्कल समाज प्रमुख व भाजपा पार्षद माधवी सिका, पूर्व पार्षद सोनाधर सोनवानी, फागुआ पटेल, युवा नेता जगन्नाथ छुरा, जुगराज महानन्द, दामोदर सोना, निशा नायक, जानकी बाई, सेबती रुकमणि, तांडी अरुण, हियाल, शिवा तांडी, शेखर तांडी, सुरवी नायक, सुकारों यादव, मीना यादव, रोशन दीप, परदेशी आदि उपस्थित रहे।

# महेश नवमी पर माहेश्वरी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

## बाइक रैली, पौधारोपण समेत अनेक कार्यक्रम हुए, कार्यक्रम में जुटे समाज के लोग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


माहेश्वरी समाज द्वारा वंशोत्पत्ति पर्व महेश नवमी धूमधाम एवं विभिन्न कार्यक्रम शोभायात्रा के साथ मनाई गई। माहेश्वरी पंचायत, महिला मंडल, युवा मंडल के संयुक्त प्रयासों से सर्वप्रथम बाबा रामदेव मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक पूजन एवं महाआरती की गई। तत्पश्चात बाइक रैली से भलेसर स्थित गौशाला पहुंचकर पौधारोपण समाजजनों द्वारा किया गया। यह रैली अभुतपूर्व थी, सभी परिवार के युवा महिलायें भी रैली में शामिल हुए। समाजजनों का सहभोज महावीर भवन में हुआ।

दोपहर में मंचीय व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। छग प्रादेशिक माहेश्वरी सभा द्वारा कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए सुनील माहेश्वरी सिमगा राजनैतिक प्रकोष्ठ अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा प्रमुख एवं नरेश चांडक सुकमा छग प्रदेश माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन हुआ था। मंच पर माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष पन्नालाल चांडक, संरक्षक एवं धमतरी जिला के उपाध्यक्ष द्वारकादास चांडक, महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति लड्ढा, युवा मंडल अध्यक्ष मनीष लड्ढा, युवा मंडल संरक्षक बद्रीनारायण लड्ढा, अशोक कुमार राठी तिल्दा नेवरा, धमतरी जिला जोन के संरक्षक कस्तुरचंद राठी, छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा कार्यकारी सदस्य ताराचंद चांडक, धमतरी जिला जोन के कार्यक्रम संयोजक मूलचंद लड्ढा, अभनपुर से आए प्रदेश युवा मण्डल के पदाधिकारी राहुल राठी एवं राजकुमार फाफट मंचस्थ थे।

अतिथियों द्वारा भगवान महेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं महेश वंदना की गइ। मंचीय कार्यक्रम को संबंधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि समाज का काम निःस्वार्थ होता है। राजनीति के क्षेत्र में कही न कही पद और स्वार्थ रहते है, लेकिन समाज में हमेशा सेवा त्याग की जरूरत है। माहेश्वरी समाज का संगठन स्थानीय स्तर से लेकर जिला प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक संचालित होता है। भगवान महेश के गुण माहेश्वरी बंधुओं को विशेषकर प्राप्त है। हमें भगवान शिव के आदर्शो को ग्रहण करना चाहिए। समाज में एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना का होना जरूरी है। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदेश एवं राष्ट्रीय माहेश्वरी संगठन द्वारा समाज के कमजोर जनों के लिए प्रतिभाशाली छात्रों के लिए कई आर्थिक सहयोग की योजनाएं विभिन्न ट्रस्ट के माध्यम से चलाया जाता है उसका जरूरतमंद लोगों को लाभ लेना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे छग प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष नरेश चांडक ने कहा कि महासमुन्द माहेश्वरी समाज की एकता बेमिशाल है। पूरे प्रदेश में अलग ही मिशाल है। उन्होंने युवा शक्ति को आगे आने के लिए कहा, जोखिम उठाना माहेश्वरी समाज के बुजुर्गों से सिखना चाहिए। जोखिम उठाने से ही हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने आने वाली पीढ़ी के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा उच्च शिक्षा की ओर जाने का आव्हान किया।

### महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगे

माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष पन्नालाल चांडक ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि समाज के भवन निर्माण की नींव रखी जा चुकी है। इसके लिए समाजजनों का उत्साह सहयोग स्वागत योग्य है। इसी तरह महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति लड्ढा ने भी महेश नवमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि महिलायें अब हर क्षेत्र में आगे आ रही है। खासकर हमारी नई पीढ़ी की युवतियां शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे है, जो समाज के लिए गौरव की बात है। बीते एक वर्ष वर्ष के अंदर समाज के दिवंगत आत्माओं को एक मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंचीय कार्यक्रम का संचालन देवीचन्द राठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल की एनी लड्ढा, पूजा माहेश्वरी द्वारा किया गया। शाम को भगवान महेश की झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा बाबा रामदेव मंदिर से बाजा गाजा डीजे धूमाल के साथ भजन करते हुए निकाली गई, जो कि शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए महावीर भवन में विसर्जित हुई। शोभायात्रा में समाज के सभी पुरूष महिलाएं, युवा, बच्चे शामिल हुए। रास्ते भर शोभायात्रा का स्वागत भी हुआ। अन्त में महेश नवमी के पूर्व संध्या खेल महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए प्रतिभागियों का पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मैरिट में आए मेधावी बच्चों का एवं संयुक्त परिवार के लोगों का भी सम्मान के साथ बाहर से आये हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें भी सम्मानिता किया गया। लक्की कूपन ड्रा निकाला गया। जिसमें ड्रा में निकले तीन लोगों को सोने का सिक्का प्रदान किया गया। क्रमशः कमल राठी, भरत चांडक, युवराज चांडक लक्की ड्रा में भाग्यशाली रहे। सभी कार्यक्रमों का आभार माहेश्वरी पंचायत सचिव पारस चांडक द्वारा किया गया।



## खबर संक्षेप

### चर्म रोग जांच आज

**महासमुंद**। मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में चर्म, यौन, कुष्ठ रोग जांच का आयोजन किया गया है। यह जांच सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक किया जाएगा। इसमें डा गरिमा शर्मा एमबीबीएस एमडी गोल्ड मेडलिस्ट (चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ) परामर्श के लिए अपनी सेवाएं देगी।

### कान, नाक व गला की जांच आज

**महासमुंद**। मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में कान, नाक व गला जांच का आयोजन सांय 4 से 6 बजे तक किया गया है। जांच प्रतिदिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार व शनिवार को किया जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ डा. चंचल लहरी (एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी) अपनी सेवाएं देंगे।

### ढाई हजार की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**कांकेर**। अवैध ढंग से शराब को बिक्री के लिए कोरर ले जाते समय पुलिस ने आरोपी को शराब के साथ दबोचा। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि गाँव में शराब को बेचने के लिए ले जा रहा था। भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से 16 जून को जानकारी मिली कि एक व्यक्ति बजारू थैला मे अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करने के लिए कोरर लेकर जा रहा है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक कर पुलिस ने रानवाही बाजार स्थल के सामने ईलाके की घेराबंदी कर आरोपी को धरदबोचा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पोल्ट्री फार्म...

ग्रामीणों ने पारित पंचायत प्रस्ताव को निरस्त करने आवेदन दिया। शिकायत पर प्रकरण दर्ज करते हुए सीईओ जनपद से पारित पंचायत प्रस्ताव की सत्यापित प्रति मंगाई गई। पशु चिकित्सा विभाग से भी जांच प्रतिवेदन मंगाया गया। उप संचालक पशु चिकित्सा द्वारा पोल्ट्री फॉर्म संचालक टीकम चन्द्राकर एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम नवापारा से लगा हुआ पोल्ट्री फॉर्म जिसका रकबा 0.37 हेक्टेयर है। शेड की लम्बाई 307 मीटर एवं चौड़ाई 30 फीट है, जिसमें 7000 क्षमता के ब्रॉयलर चूजे रखे जाते हैं। वर्तमान में शेड में मूर्गियां नहीं है, शेड खाली है। पोल्ट्री फॉर्म के ईशान कोण में आंगनबाड़ी भवन एवं शासकीय प्राथमिक शाला भवन नवापारा क्रमशः 170 एवं 172 मीटर की दूरी पर स्थित है। पोल्ट्री फार्म से आबादी क्षेत्र की दूरी 350 मीटर है। सिंचाई नहर पोल्ट्री फार्म के पश्चिम छोर से 15 मीटर की दूरी एवं पूर्वी छोर से 56 मीटर की दूरी पर है।

**धर्म-कर्म: वआरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ, अनेक धार्मिक कार्यक्रम भी हुए**

# पर्रापाठ के निर्माणाधीन मां वैष्णो देवी मंदिर में हुआ गुंबद भराई का अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी पर निर्माणधीन मां वैष्णो देवी की मंदिर भव्य रूप से निर्माण किया जा रहा है। यह अनुष्ठान के शुभारंभ कलश यात्रा निकाल कर किया गया। यात्रा में श्रध्दालुगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। गुंबद भराई अनुष्ठान गंगा दशहरा ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी तिथि रविवार को ओडिशा से आए पुरोहित तरडिश दास ग्राम चरेगाझांझ, संतोष महाराज चेचराभांठा एवं परमेश्वर महाराज लीलाथर द्वारा विधिवत वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन पूजन कर निर्माणधीन मंदिर का गुंबद भराई में पंचरत्न, नौरत्न, अन्न में लगभग चार क्विटंल धान डालकर अनुष्ठान कराया। इस



अनुष्ठान के मुख्य यजमान के रूप में सात जोड़े सहभागी बने। इसके बाद माता रानी की आरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। पर्रापाठ पहाड़ी मंदिर परिसर पर दुकानें लगने से मेले जैसा माहौल रहा। यह परिसर वन संपदा से घिरा हुआ है। मां वैष्णो देवी मंदिर निर्माण होने से क्षेत्र सहित ओडिशा व छग के श्रद्धालु व दानदाता आगे आ रहे है। इस अवसर पर दिन में रामायण कार्यक्रम भी हुआ। रात्रि में श्रद्धालुओं के मनोंरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी भूले बिसरे नाच पार्टी मोगरापाली स तेंदूकोना के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी।

इस दौरान मंदिर समिति ट्रस्ट अध्यक्ष उत्तम राणा, यादलाल यादव, तीरथ पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, कार्यकारणी अध्यक्ष झनक राम कुम्हार, कोषाध्यक्ष कृष्णचंद पटेल, महासचिव मेघराज पांडे, सचिव बलदेव पटेल, सहसचिव सरपंच लता कुम्हार, ग्राम प्रमुख पन्ना साहू, पानसिंह यादव, चंदर यादव, भागीरथी पटेल, नेताराम चक्रधारी, आनंद चक्रधारी, रंजीत चक्रधारी, चिंतामणी चन्द्राकर, दुकालुराम पटेल, धनीराम पांडे, गिरीश पांडे, राजू तांडी सहित समिति के सदस्यगण एवं महिलाएं व बच्चे बड़ी संख्या मौजूद रहे।

# आंबेडकर चौक पर भाजपाइयों ने किया सांसद का जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सांसद रुपकुमारी चौधरी के आगमन पर भाजपा नेता भाऊ राम साहू के नेतृत्व में स्थानीय अंबेडकर चौक ओवरब्रिज के नीचे बाजे-गाजे व पटाखे फोड़, फलों से तौल कर आतिशबाजी करते हुए हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भव्य रूप से स्वागत किया। इसमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष भाऊ राम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, सतपाल सिंह पाली, प्रदीप चंद्राकर, महेंद्र जैन, देवीचंद राठी, जसमीत बादल मक्कड़, मोहन साहू, पवन साहू, अमन वर्मा, ऋषभ बाफना, संदीप दीवान, रिखी ध्रुव, हिमांशु तिवारी आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### जीजाबाई की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में छत्रपति शिवाजी महाराज की माता राजमाता जीजाबाई की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चन्द्राकर, भारती, चन्द्राकर अंजु चन्द्राकर, दामिनी चन्द्राकर, हेमलता, रूपेश चन्द्राकर, भूषण चन्द्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि जीजाबाई ने भारत देश के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हर साल 17 जून को पुण्यतिथि मनाई जाती है।

# मुड़पहार में गोंड़ समाज ने मनाया त्रिशूल स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

रविवार को गोंडी धर्म संरक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मुड़पहार (केजुंवा) में गोंड समाज द्वारा त्रिशूल स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें गोंडीयन विधि-विधान से प्रकृति शक्ति पंच बूढ़ादेव की पूजा अर्चना कर महाआरती की गई।

ज्ञात हो कि 12 वर्ष पूर्व गोंड़वाना गुरूदादा दुर्गे भगत सिदार के सानिध्य में महापूजन व साजा पेड़ का लाट व त्रिशूल स्थापना हुआ था। उसी परम शक्ति को याद करते हुए प्रति वर्ष यह उत्सव मनाया जाता है। कार्यक्रम के पश्चात बैठक कर समिति की जिला स्तरीय एवं ब्लाक स्तरिय पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। जिस क्रम में गोंडी धर्म संरक्षण समिति के जिला संरक्षक सुदर्शन सिंह ठाकुर,



अध्यक्ष प्रेम सिंह पोर्ते, सचिव भारती, उपाध्यक्ष विश्वनाथ हीरा चुने गए। इसी सरायपाली अध्यक्ष बलदेव ओटी, उपाध्यक्ष दीनबंधू नाग, सचिव विजय सिंह नेताम व बसना से ब्लाक अध्यक्ष निमंकर जगत, सचिव श्रवण पोर्ते को चुना गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ गोंड़वाना संघ ईकाई जिलाध्यक्ष में पुनः दीपक जगत, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह जगत, सचिव देवीसिंह मांझी, संरक्षक गोकुल पारेश्वर तथा ब्लाक अध्यक्ष सरायपाली से गुलाब किशोर हीरा, सचिव पिताम्बर हीरा तथा ब्लाक बसना से शिवलाल बाघ, सचिव राजेन्द्र सिंह सिदार को चुना गया। इस बैठक के दौरान सभी पदाधिकारीयों को मुख्य अतिथि सुदर्शन सिंह ठाकुर ने हर्ष जताते हुए समाज तथा संघ समिति को मजबूत कर आगे ले जाने की कही। उन्होंने कहा कि गुरूदादा के बताए उद्देश्य को गांव-गांव जाकर समाज में बताना है।

#### यह रहे इस दौरान मौजूद

इस अवसर पर मातृशक्ति में नियम बाई ठाकुर, पदमा जगत ,जयमोती नेताम, संतोषी पोर्ते, गुड्डी हीरा, हरिप्रिया जगत, भक्तिन नाग एवं पुरूष वर्ग में सुखी राम जगत, समारू जगत, सुनेश नेताम, लखन देव पोर्ते, रितेश नेताम, मंदरिया दीवान, नेपाल सिंह नेताम, कुंजल जगत, पुखराज जगत, ईश्वर पोर्ते, धेनू ठाकुर, विक्रम ठाकुर, सुदर्शन जगत, प्रेमसिंह जगत, कषट कुमार जगत, डुलामणी सिदार, गांधी जगत एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

# स्काउट-गाइड संघ के निर्वाचन की अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ बसना की आवश्यक बैठक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में रखी गई। जिसमें उपस्थित परिषद के सदस्यों द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से अनेक निर्णय लिए गए। इसमें जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ महासमुंद बैठक 8 मई 2024 को लिए गए निर्णय के अनुसार 18 जून 2024 से 8 जुलाई 2024 संध्या 5 बजे तक 20 दिन तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें प्रति व्यक्ति आजीवन सदस्य सदस्यता शुल्क 1500 एवं सामान्य सदस्य सदस्यता शुल्क 1000 रुपए निर्धारित किए गए। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए 2100 रुपए प्रति उम्मीदवार नामांकन शुल्क देय होगा। ये सभी शुल्क वापसी अयोग्य होंगे।

10 जुलाई 2024 को 2 दिन बाद सदस्यता सूची का प्रकाशन जिसमें आजीवन सामान्य सदस्य 10 में से एक अधिकतम 10 के साथ-साथ प्रशिक्षित स्काउट-गाइड साधारण सदस्यों की सूची में सम्मिलित रहेंगे। 13 जुलाई 2024 अगले तीन दिनों तक संध्या 5 तक दावा आपत्ति। 16 जुलाई 2024 तीन दिनों पश्चात संध्या 5 तक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 20 जुलाई 2024 अगले 4 दिनों तक संध्या 5 बजे तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का नामांकन।

एक अध्यक्ष, अधिकतम 6 उपाध्यक्ष जिममें तीन पुरुष एवं तीन महिला होंगे। 22 जुलाई 2024 दो दिनों पश्चात संध्या 5 तक नामांकन की जांच व वैध नामांकन पत्रों की सूची, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी किसी दूसरे का प्रस्तावक व समर्थक नहीं बन सकता तथा एक का प्रस्तावक व समर्थक किसी दूसरे का प्रस्तावक व समर्थक नहीं बन सकता। 25 जुलाई 2024 तक संध्या 5 बजे तक नाम वापसी, 26 जुलाई 2024 संध्या 5 बजे तक नामांकन सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 29 जुलाई 2024 आवश्यक हुआ तो बसना विकासखंड का निर्वाचन निर्धारित तिथि में 11 से 1 तक मतदान, दो से तीन बजे तक मतगणना, 3 से 3:30 बजे तक विकासखंड परिषद की बैठक होगी। बाद विकासखंड कार्यकारिणी की बैठक रखी जाएगी। उपरोक्त स्काउट गाइड स्थानीय निर्वाचन की अधिसूचना विवेकानन्द दास सचिव स्थानीय संघ बसना ने जारी की गई है।

# अस्थाई दैवेभो वन कर्मचारियों ने की मुख्यमंत्री साय से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहीं अलका चंद्राकर के नेतृत्व में अस्थायी दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान अलका चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को वन कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया और उनके नियमितीकरण की वर्षों पुरानी मांग पर सार्थक पहल करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री साय ने इस पर सकारात्मक पहल करने पर सहमति जताई। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि इन कर्मचारियों को दैनिक वेतन पर डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के शासनकाल में नियुक्त किया गया था। वन कर्मचारी लगातार अपनी समस्याओं के मद्देनजर अपने नियमितीकरण की मांग करते रहे हैं। लेकिन, बजाय उनके नियमितीकरण के इन पदों पर नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। वन कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री साय से आग्रह किया कि यदि इन पदों पर नई भर्तियाँ होंगी तो दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के समक्ष आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा। प्रदेश सरकार ने इस पर सहानुभूति दिखाते हुए फिलहाल नई भर्ती को स्थगित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार के इस फैसले का स्वागत श्रीमती चंद्राकर सहित दैवेभो वनकर्मियों ने भी किया है। श्रीमती चंद्राकर ने नई भर्ती के बजाय लगभग 20 वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पदस्थ करके वन कर्मचारियों के साथ न्याय करने का निवेदन प्रदेश सरकार से किया और मुख्यमंत्री साय ने इस पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर भाजपा नेता किशोर देवांगन, जसराज चंद्राकर, संजय मालवे, नरेंद्र बग्गा, नंदू सोनी सहित वन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राम कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा, सचिव अजय गुप्ता, जनक साहू, विजय पटेल आदि उपस्थित रहे।

# साहू समाज सुरमाल परिक्षेत्र के वार्षिक अधिवेशन में विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**कार्यक्रम में खल्लारी विधायक ने 10 लाख की राशि अपने विधायक निधि से देने की घोषणा की**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 04 बागबाहरा का वार्षिक अधिवेशन, भूमिपूजन, स्नेह सम्मेलन और प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 16 जून रविवार को दोपहर 12 बजे साहू सदन लालपुर में माँ कर्मा की पूजन आरती के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक द्वारिकाधीश यादव, अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष धरम दास साहू, विशिष्ट अतिथि तहसील साहू संघ बागबाहरा के अध्यक्ष भेखलाल साहू, उपाध्यक्ष तुला राम साहू, भुवन साहू संरक्षक तहसील साहू संघ बागबाहरा, नारायण साहू गांजर के वरिष्ठ समाज सेवी, विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में समस्त परिक्षेत्रीय अध्यक्षगण मूलचंद साहू, भुवन साहू, सेवा राम साहू, खेमराज साहू, प्रेम साहू झलप परिक्षेत्र, रमेश साहू अध्यक्ष कौड़िया 02, मोती साहू घोंच, चंदू साहू खल्लारी, सेवा राम साहू सुरमाल 03, घनश्याम साहू जनपद सदस्य, चंद्रहास साहू, संजय साहू, सुजीत साहू के साथ ही सुरमाल 04 के सभी समाज रत्न सालिक राम साहू, कुंवर सिंह साहू, मोहन साहू, तुला राम साहू, रेवा राम साहू उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 04 के पदाधिकारियों द्वारा अक्षत फूल माला से किया गया। अतिथियों के समक्ष सुरमाल 04 बागबाहरा के अध्यक्ष देवेश साहू द्वारा कार्यक्रम संबंधी जानकारी व स्वागत भाषण दिया गया। जिसमें उनके द्वारा लालपुर साहू सदन भवन में भव्य साहू सदन निर्माण की जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही साहू समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने, वार्षिक लेखा-जोखा और स्नेह सम्मेलन पर विस्तारपूर्वक बात रखी गई। तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल में 20 लाख रुपए के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किया। कार्यक्रम के अगली कड़ी में विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा आशीर्वचन उद्बोधन दिया गया। जिसमें उन्होंने साहू समाज के इस रचनात्मक आयोजन की भूरी-भूरी प्रसंशा करते हुए कहा कि साहू समाज की एकता और संगठन सभी समाज के लिए सदैव अनुकरणीय रहा है, प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित कर आने वाली पीढ़ी के आत्मविश्वास को दोगुना करने का यह प्रयास भी अनुकरणीय है। कार्यक्रम और उद्देश्य से प्रभावित होते हुए विधायक द्वारा 10 लाख की राशि अपने विधायक निधि से देने की घोषणा की गई। तत्पश्चात प्रतिभाशाली बच्चों को जिसमें बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त 40 छात्र-छात्राओं, पिछले सत्र में डॉक्टर बने 3 छात्र-छात्राएं, नेशनल तीरंदाजी में गोल्ड मेडल प्राप्त 2 बच्चियों, यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडल लिए 2 छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद उपस्थित समाजजनों के मध्य सुरमाल साहू समाज 04 बागबाहरा के ऑडिटर मिलन साहू द्वारा वार्षिक लेखा-जोखा आय-व्यय की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। स्नेह सम्मेलन में समाज के छोटे-छोटे नौनिहाल बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रस्तुत किया गया। अंतिम में सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 04 के संरक्षक पोखराज साहू ने आभार एवं कार्यक्रम का सफल संचालन धनराज साहू ने किया।

### सर्पदंश से मासूम बच्ची की मौत

**कांकेर**। पखांजूर थानांतर्गत पीव्ही 31 हरिहरपुर निवासी 4 वर्षीय दीपाली बैरागी पिता देबू बैरागी का सांप ने काट दिया था। परिजन ईलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजूर में भर्ती कराया। चिकित्सक ने बताया की उसकी मौत हो चुकी है। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी पखांजुर थाना को दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौपा गया।

